PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Dainik Jagran, Delhi
Wed, 16 Aug 2017, Page 11
Width: 22.81 cms, Height: 19.27 cms, a3r, Ref: 19.2017-08-16.125

उप्र के मदरसों में तिरंगा लहराया

राष्ट्रगान की जगह 'सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा' तराना गाया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : उत्तर प्रदेश के मदरसों में मंगलवार को आजादी का जश्न धूमधाम से मनाया गया। शासन की मंशा के अनुरूप ज्यादातर मदरसों में तिरंगा फहराया गया। आजादी के मतवालों की कुर्बानियों को याद कर तकरीरें भी हुईं लेकिन बड़ी संख्या में मदरसों ने राष्ट्रगान से परहेज किया। राष्ट्रगान की बजाय अल्लामा इकबाल का लिखा तराना 'सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा' गाया गया।

रुहेलखंड में बरेलवी मसलक के मदरसों में स्वतंत्रता दिवस तो धूमधाम से मना, लेकिन दरगाह आला हजरत के एलान के बाद इनमें राष्ट्रगान नहीं हुआ। बरेली, शाहजहांपुर, बदायूं, पीलीभीत के मदरसों में तिरंगा फहराने के बाद 'सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा' तराना गाया गया। कई जगहों पर पुलिस ने वीडियोग्राफी कराने की कोशिश की लेकिन विरोध आड़े आ गया। हालांकि, शिया और देवबंदी मसलक के मदरसों में राष्ट्रगान हुआ।

सहारनपुर के मदरसा जामियातुत तैय्याबात में ध्वजारोहण के बाद देशभक्ति गीत गाते बच्चे

मुरादाबाद मंडल के मदरसों में भी स्वतंत्रता दिवस उल्लास के साथ मनाया गया। मंडल के कुछ मदरसों में राष्ट्रगान हुआ लेकिन ज्यादातर में 'सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा' तराना गाया गया। सुरक्षा के लिहाज से मदरसों के आसपास भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। मुरादाबाद शहर के 336 अनुदानित मदरसों में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम की वीडियोग्राफी भी करायी गई। अमरोहा के कुछ मदरसों में न तो वीडियोग्राफी कराई गई और न ही राष्ट्रगान हुआ। तराना गाकर कार्यक्रम संपन्न हो गया। रामपुर के मदरसों में भी आजादी का जश्न मना। अनुदानित मदरसों में राष्ट्रगान हुआ।

आगरा, फीरोजाबाद, मथुरा, मैनपुरी व एटा जिलों के मदरसों में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान हुआ। स्वतंत्रता दिवस पर सूबे की राजधानी लखनऊ के मदरसों में ध्वजारोहण के बाद बच्चों ने राष्ट्रगान भी गाया। प्रशासन की ओर से मदरसों की वीडियोग्राफी भी कराई गई। कानपुर में मदरसों में झंडा फहराया गया, लेकिन राष्ट्रगान नहीं गाया गया और न ही वीडियो रिकार्डिंग हुई। वाराणसी, आजमगढ़ और मीरजापुर मंडलों के मदरसों में भी स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। वाराणसी में मुस्लिमों ने तिरंगा यात्रा निकाल आजादी के जश्न को यादगार बनाया।